17/09/1

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2017

नाम – ....................................................................... अनुक्रमांक – ..................

**कुल समय: 1 घंटा** **कक्षा-9** **कुल अंक: 100**

**निर्देश:** 1) सभी प्रश्नों को ध्यान-पूर्वक पढ़कर सही विकल्प का गोला (●) भरिए।

2) एक उत्तर के लिए दो गोले भरने व गलत उत्तर देने पर नकारात्मक (-2) अंक दिए जाएँगे।

3) पहला प्रश्न 8 अंक और बाकी प्रश्न 4 अंक के हैं।

4) किसी प्रश्न में कोई भी गोला नहीं भरने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।

---

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर दीजिए–**

भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता रही है– 'अनेकता में एकता'। यद्यपि ऊपरी तौर पर भारत के विभिन्न प्रदेशों में पर्याप्त भिन्नता दिखाई देती है। तथापि अपने आचार-विचारों की एकता के कारण यहाँ सदा सामासिक संस्कृति का ही रूप देखने को मिलता है। यही कारण है कि इन विभिन्नताओं के होते हुए भी भारत सदियों से भौगोलिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक इकाई के रूप में विश्व में अपना स्थान बनाए हुए है। इसीलिए भारत में अनेकता में एकता के सदा ही दर्शन होते हैं। इस भारतीय संस्कृति में आध्यात्मिकता और भौतिकता दोनों ही का मिश्रण रहा है। अत: इसकी प्राचीनता, इसकी गतिशीलता, इसका लचीलापन, इसकी ग्रहणशीलता, इसका सामासिक स्वरूप और अनेकता के भीतर से दिखाई देने वाली एकता इसकी प्रमुख विशेषताएँ हैं। इन विशेषताओं के कारण ही भारतीय संस्कृति विश्व में अपना एक विशिष्ट स्थान रखती है।

**(क) भारत में सामासिक संस्कृति का रूप देखने को मिलता है–** **2×4 = 8**

1. आचार-विचार में एकता के कारण ○
2. शिक्षा की समानता के कारण ○
3. भौगोलिक विविधता के कारण ○
4. पहनावे में एकता के कारण ○

**(ख) भारत ने सदियों से जो एकता बनाई है, वह किस रूप में है?**

1. भौगोलिक इकाई के रूप में ○ 2. राजनीतिक इकाई के रूप में ○
3. सांस्कृतिक इकाई के रूप में ○ 4. उपर्युक्त सभी रूपों में ○

**(ग) भारतीय संस्कृति का मिश्रण है–**

1. धार्मिकता एवं आध्यात्मिकता का ○ 2. नैतिकता एवं भौतिकता का ○
3. आध्यात्मिकता एवं भौतिकता का ○ 4. जातीयता एवं अलौकिकता का ○

**(घ) भारतीय संस्कृति .......................... में अपना विशिष्ट स्थान रखती है।**

1. एशिया महाद्वीप में ○ 2. भारत देश में ○
3. अपने पड़ोसी देशों में ○ 4. सारी दुनिया में ○

**प्रश्न 2. (क) निम्न में से कौन-सा ह्रस्व स्वर है?**

1. आ ◯ 2. ऋ ◯
3. ए ◯ 4. ऐ ◯

**(ख) उष्म व्यंजन नहीं है ....................**

1. श ◯ 2. ष ◯
3. ह ◯ 4. व ◯

**प्रश्न 3. (क) 'चिह्नित' का वर्ण-विच्छेदन होगा।**

1. च् + अ + न् + ह् + इ + त् + अ ◯
2. च् + इ + ह् + न + इ + त् + अ ◯
3. च् + इ + ह् + इ + न् + त् + ई ◯
4. च् + इ + ह् + इ + न् + इ + त् + ति ◯

**(ख) 'ज् + इ + ज् + ञ् + आ + स् + उ' से बना शब्द होगा।**

1. जिजाँसु ◯ 2. जिजनासु ◯
3. जिज्ञासु ◯ 4. जिज्ञांसु ◯

**प्रश्न 4. (क) वर्णों के सार्थक एवं व्यवस्थित मेल को .................... कहते हैं।**

1. वर्णमाला ◯ 2. व्यंजन ◯
3. पद ◯ 4. शब्द ◯

**(ख) शब्द का सही रूप है .............................।**

1. स्पस्ट ◯ 2. स्पष्ट ◯
3. सपस्ट ◯ 4. सपष्ट ◯

**प्रश्न 5. (क) हिंदी को राष्ट्रभाषा का गौरव प्राप्त हुआ .............................।**

1. 14 सितंबर, 1948 ◯ 2. 14 सितंबर, 1950 ◯
3. 14 सितंबर, 1949 ◯ 4. 14 दिसंबर, 1950 ◯

**(ख) पंजाबी भाषा की लिपि है .............................।**

1. देवनागरी ◯ 2. गुरुमुखी ◯
3. रोमन ◯ 4. फ़ारसी ◯

**प्रश्न 6. (क) भाषा को लिखित रूप प्रदान करने के लिए ............................. प्रयोग करते हैं।**

1. वर्णों का ◯ 2. वर्णमाला का ◯
3. शब्दों का ◯ 4. लिपि का ◯

**(ख) किस विकल्प में भाषा है–**

1. पंजाबी ◯ 2. बघेली ◯
3. जयपुरी ◯ 4. पहाड़ी ◯

नाम – ..................................................................................... अनुक्रमांक – ....................

**प्रश्न 7. (क) स्वर संधि के कितने भेद होते हैं।**

1. तीन ○ 2. चार ○
3. पाँच ○ 4. छह ○

**(ख) 'यण संधि' का उदाहरण है–**

1. शिव + आलय = शिवालय ○ 2. सु + आगत = स्वागत ○
3. चंद्र + उदय = चंद्रोदय ○ 4. सदा + एव = सदैव ○

**प्रश्न 8. (क) इनमें किस शब्द में नुक्ता का प्रयोग नहीं होगा?**

1. बजरंगी ○ 2. कमजोर ○
3. फरमान ○ 4. फरियाद ○

**(ख) इनमें से आगत ध्वनि वाला शब्द नहीं है।**

1. कॉलेज ○ 2. डालर ○
3. चॉक ○ 4. आँख ○

**प्रश्न 9. (क) प्रधानाध्यापक में समास होगा–**

1. अव्ययीभाव ○ 2. द्विगु ○
3. कर्मधारय ○ 4. बहुव्रीहि ○

**(ख) तत्पुरुष समास का उदाहरण है–**

1. आजीवन ○ 2. नीलगगन ○
3. राहखर्च ○ 4. पंकज ○

**प्रश्न 10. (क) किस विकल्प में सभी शब्द भाववाचक संज्ञा हैं?**

1. आगरा, बचपन, मिठास ○ 2. अपनापन, गुरुत्व, बचपन ○
3. मित्रता, मानवता, सागर ○ 4. शहर, प्रेम, सुख ○

**(ख) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम है–**

1. हम, मैं ○ 2. तुम, तुम्हारा ○
3. उसकी, उसको ○ 4. वह, वे ○

**प्रश्न 11. (क) 'इस चाय में थोड़ी चीनी और डाल दो।' विशेषण भेद बताइए–**

1. गुणवाचक ○ 2. संख्यावाचक ○
3. संकेतवाचक ○ 4. परिमाणवाचक ○

**(ख) 'हिमालय पर्वत अत्यंत विशाल है।' वाक्य में प्रविशेषण है–**

1. पर्वत ○ 2. अत्यंत ○
3. हिमालय ○ 4. विशाल ○

**प्रश्न 12. (क) संयुक्त क्रिया वाला वाक्य है–**

1. राम बाज़ार गया। ○ 2. उसने पुस्तक पढ़ी। ○
3. राम ने खाना खाया। ○ 4. नौकर ने गिलास तोड़ दिया। ○

**(ख) घोड़ा <u>सरपट</u> भागता जा रहा था– रेखांकित अंश में क्रिया-विशेषण का भेद होगा–**

1. रीतिवाचक ○ 2. कालवाचक ○
3. पमिाणवाचक ○ 4. स्थानवाचक ○

**प्रश्न 13. (क) 'धन के बिना जीवन बिताना कितना कठिन होता है।' वाक्य में संबंधबोधक शब्द है–**

1. के बिना ○ 2. बिताना ○
3. कितना ○ 4. होता है ○

**(ख) उचित समुच्चयबोधक भरकर वाक्य पूरा कीजिए–**

**देर से वर्षा हुई ........................ फसल सूख गई।**

1. जबकि ○ 2. परंतु ○
3. इसलिए ○ 4. तथापि ○

**प्रश्न 14. (क) <u>अरे!</u> पप्पू पास हो गया। – रेखांकित विस्मयादिबोधक से कौन-सा भाव व्यक्त हो रहा है?**

1. शोक ○ 2. हर्ष ○
3. पछतावा ○ 4. आश्चर्य ○

**(ख) इस पुस्तक के दाम मात्र पचास रुपये हैं। वाक्य में निपात है–**

1. इस ○ 2. दाम ○
3. मात्र ○ 4. रुपये ○

**प्रश्न 15. (क) <u>तालाब</u> में फूल खिला है। रेखांकित अंश में कारक है–**

1. संबंध कारक ○ 2. कर्मकारक ○
3. अपादान कारक ○ 4. अधिकरण कारक ○

**(ख) <u>भिखारी</u> को भीख दे दो। रेखांकित अंश में कारक है–**

1. संप्रदान कारक ○ 2. अपादान कारक ○
3. कर्मकारक ○ 4. संबंधकारक ○

**प्रश्न 16. (क) 'अत्याचार' में प्रयुक्त उपसर्ग है–**

1. अ ○ 2. अत: ○
3. अति ○ 4. अत्य ○

**(ख) 'नगरीय' में प्रयुक्त प्रत्यय है–**

1. य ○ 2. इय ○
3. रीय ○ 4. ईय ○

नाम – ..................................................................... अनुक्रमांक – ...................

**प्रश्न 17. (क) एक ही वर्ण की आवृति होने पर ...................... अलंकार होता है।**

1. उपमा ◯ 2. अनुप्रास ◯

3. रूपक ◯ 4. यमक ◯

**(ख) 'कहैं कवि बेनी बेनी व्याल की चुराई लीन्ही' में अलंकार है।**

1. श्लेष अलंकार ◯ 2. यमक अलंकार ◯

3. रूपक अलंकार ◯ 4. मानवीकरण अलंकार ◯

**प्रश्न 18. (क) स्त्रीलिंग शब्द नहीं है–**

1. मैना ◯ 2. लोमड़ी ◯

3. हाथी ◯ 4. बुलबुल ◯

**(ख) फुलवारी का बहुवचन रूप है–**

1. फुलवारियों ◯ 2. फुलवारियाँ ◯

3. फुलवारीयों ◯ 4. फुलवारीयाँ ◯

**प्रश्न 19. (क) 'मुट्ठी गरम करना' मुहावरे का अर्थ है–**

1. हाथ सेंकना ◯ 2. सरदी दूर भगाना ◯

3. रिश्वत देना ◯ 4. रिश्वत लेना ◯

**(ख) 'एक अनार सौ बीमार' लोकोक्ति का अर्थ है–**

1. बीमार को अनार देना ◯ 2. अनार खाकर बीमारी भगाना ◯

3. कम वस्तु के अधिक ग्राहक ◯ 4. अधिक वस्तु के कम ग्राहक ◯

**प्रश्न 20. (क) 'आहार' का विलोम होगा–**

1. प्रहार ◯ 2. साहार ◯

3. निराहार ◯ 4. विचार ◯

**(ख) 'बिजली' का पर्यायवाची नहीं है–**

1. चपला ◯ 2. दामिनी ◯

3. तड़ित ◯ 4. यामिनी ◯

**प्रश्न 21. (क) 'कनक' शब्द का अर्थ नहीं है–**

1. गेहूँ ◯ 2. धतूरा ◯

3. धान ◯ 4. सोना ◯

**(ख) 'जो बहुत बोलता हो' के लिए एक शब्द होगा–**

1. वाचाल ◯ 2. मृदुभाषी ◯

3. अल्पभाषी ◯ 4. वाचस्पति ◯

हिंदी विकास मंच

**प्रश्न 22. (क) 'अविलंब-अवलब' का अर्थ है–**

1. देर से, सहारा ◯ 2. जल्दी, सहारा ◯
3. बहुत देर, सत्कार ◯ 4. शीघ्र, झुका हुआ ◯

**(ख) 'उत्तर' का अर्थ नहीं है–**

1. बाद में ◯ 2. एक दिशा ◯
3. त्याग ◯ 4. जवाब ◯

**प्रश्न 23. (क) अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद होते हैं–**

1. आठ ◯ 2. सात ◯
3. छह ◯ 4. पाँच ◯

**(ख) गाड़ी स्टेशन पर आ गई होगी। अर्थ के आधार पर वाक्य भेद है–**

1. इच्छावाचक ◯ 2. संकेतवाचक ◯
3. इच्छावाचक ◯ 4. संदेहवाचक ◯

**प्रश्न 24. 'विस्मयवाचक वाक्य' का उदाहरण किस विकल्प में है?**

1. उसका लेख सुंदर है। ◯ 2. रागिनी संस्कृत नहीं जानती है। ◯
3. संभवत: वर्षा होगी। ◯ 4. अहा! मौसम कितना सुहाना है। ◯

हिंदी विकास मंच